बैठक में सफाई, रोशनी, सड़क, पानी निकासी पर हुई चर्चा

अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों पर होगी कार्यवाही

तारानगर,(निसं)। तारानगर नगरपालिका सभागार में सोमवार को स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के मुख्यातिथ्य व नगरपालिका चेयरमैन प्रियंका बानो की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गयी जिसमें पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो मैं सफाई, रोशनी, सड़क, पानी निकासी आदि बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक मैं 12 एजेंडे रखे गये जो सर्वसम्मती से पास किये गये।

पत्रकार संघ ने पत्रकार कॉलोनी की मांग रखी जो एजेंडे मैं शामिल कर सर्वसम्मती से किया तो वहीं पार्षद हरी इंदौरिया ने पार्षद कॉलोनी की मांग रखी जो एजेंडे मैं शामिल कर सर्वसम्मती से पास किया गया। विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने कहा हम सब मिलकर तारानगर का विकास करेंगे। सभी वार्डो मैं अधिक से अधिक विकास कार्य करवाये जाएंगे वैसे तो हमने कोई ऐसा कार्य नहीं छोड़ा जो नहीं किया गया हमारी सरकार मैं हमने असंख्य विकास कार्य करवाये है।

बैठक को सम्बोधित करते विधायक नरेन्द्र बुड़निया।

भाजपा नेता राकेश जांगिड़ने कहा पानी निकासी का शहर की बहुत बड़ी समस्या है सबसे पहले इस समस्या का हल करना बहुत जरूरी है। थोड़ी सी बरसात होते ही मुख्य सड़क मार्ग पानी से लबालब हो जाता है। उप नेता प्रतिपक्ष त्रिलोक रेगर ने अपने वार्ड की रोशनी व सफाई की समस्या की मांग रखी। चेयरमेन प्रियंका बानो ने कहा दीपावली हम सब का पर्व है इस पर सफाई, रोशनी का पूरा ध्यान रखें, क्षेत्र के हर मुख्य चौक चौराहे को सजाया जाए। हमारा तारानगर सबसे अलग दिखे ऐसा हमें करके दिखाना है।

नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप ने उक्त सभी

- **पालिका की साधारण सभा की बैठक आयोजित**

समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही।अवैध रूप से काटी गयी कॉलोनियों पर होगी कार्यवाहीसदस्यों ने क्षेत्र मैं अवैध रूप से काटी गयी, काटी जा रही कॉलोनियों पर कार्यवाही करने की मांग रखी जिस पर पालिका इओ ने कहा अभियान चलाकर सभी अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की जावेगी। इस मौके पर पार्षद हरिसिंह बेनीवाल, सुशील सरावगी, बाबू हुसैन कुरैशी, धनेश सैनी, कैलाश सैनी, जयनारायण सहारण, कृष्ण सहारण, सहदेव भाटी, याकूब भुट्टो, संजय वाल्मीकि, शिव कुमार शर्मा, बिलाल लुहार, नरेश शर्मा, अशोक जांगिड़सहित पालिका के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह बैठक आयोजित

रतनगढ़,(निसं)। प्रजापति समाज सेवा संस्थान की बैठक रविवार रात श्री प्रजापति भवन में हुई। संस्थान संरक्षक लालचंद मारोठिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में संस्था अध्यक्ष रामरतन निमीवाल ने बताया कि मालीराम प्रेमादेवी सीमार की स्मृति में 21वां प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अनिलकुमार, राकेशकुमार सीमार के सौजन्य से किया जा रहा है।

20 अक्टूबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवस्थान व गोपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत होंगे तथा अध्यक्षता काशीप्रसाद सीमार करेंगे।

कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर, माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलादराय टाक, आरएएस रामकुमार टाक, आरपीएस लोकेंद्र दादरवाल, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, सर्व कुम्हार महासभा कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष चंद्राराम गुरी, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुरेंद्र लांबा, भाजपा नेता गजानंद कुमावत, समाजसेवी लक्ष्मीनारायण सीमार, रघुवीर तुनवाल, मोनिका सिंघाटिया, भाजपा युवा नेता राधेश्याम बबेरवाल होंगे।

सार-समाचार

फ्रेशर पार्टी में थिरके कॉलेज विद्याथा

सीकर। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी कॉलेज भढाडर सीकर में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान संरक्षक जोरसिंह ढाका, विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र छात्राओं द्वारा राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य, नाटक, काव्य रचना, हास्य, वयंग्य द्वारा अनेक प्रस्तुतियॉ दी साथ ही लेमन रेस, साडी बांधना, रेम्प डांस, गुब्बारा फोड जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थीयों को मिस व मिस्टर फ्रेशर चुना हुआ जिसमें मिस फ्रेशर काजल जांगिड बी.एस.सी. व सोफिया बी.ए. रहीं एवं रणजीत बी.ए व रजत बी.एस.सी मिस्टर फ्रेशर रहें। प्राचार्य ललित किशोंर तंवर सहित अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर स्टाफ सहित बच्चें उपस्थित रहे।

गुंजी हनुमान चालीसा की चौपाइयां

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित वार्ड 36 में शनिवार देर शाम विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां अम्बे की आरती की गई। इस दौरान एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर मां अम्बे को रिझाया गया। सद्भावना परिवार की ओर से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पंडित तेजपाल शर्मा और पंडित हितेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर विनोद शर्मा, बाबूलाल शर्मा, सुरेंद्र, रामचंद्र सैनी, योगेश सैनी, भास्कर शर्मा सहित वार्ड के अनेक महिला-पुरुष उपस्थित थे।

कुश्ती के खिलाड़ी सहारनपुर रवाना

रतनगढ़,(निसं)। श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के कुश्ती के खिलाड़ी सहारनपुर उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुए। टीम प्रभारी नागरमल प्रजापत ने बताया कि विद्यालय से 19 वर्ष के छात्र 7 से 10 अक्टूबर तक सहारनपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम मैनेजर के रूप में कन्हैयालाल चौमाल साथ रहेंगे। टीम मेनेजर कन्हैयालाल चौमाल, नागरमल प्रजापत व छात्र को तिलक लगाकर, माला पहनकर व मिठाई खिलाकर टीम को विजेता की शुभकामनाएं दी।

महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

चूरू, (कासं.)। नीमड़ी धोरे पर स्थित 550 वर्ष पुराने प्राचीन मनसा माता मंदिर में नवरात्री महोत्सव के दौरान चल रही दुर्गा पूजा में शनिवार शाम महाआरती का आयोजन किया गया। आरती में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां अम्बे के जयकारे लगाए। इस अवसर पर मंदिर की पुजारी कमलेश देवी, शशि चंदेल, मनीष नाथ, चंद्रप्रभा व मंदिर सेवा समिति के अनेक सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान मन्दिर की भव्य सजावट की गई। राज्य स्तर पर विजेता रही टीम को कलेक्टर शरद मेहरा ने किया सम्मानित पाटन। हाल ही में आबू रोड(सिरोही) में खेली गई अंडर 14 वर्ष राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में नीमकाथाना टीम विजेता होकर नीमकाथाना पहुंचने पर नीमकाथाना जिला कलेक्टर शरद मेहरा , जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी ने कलेक्टर कार्यालय में विजेताओं व एस एम पी स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनीता भास्कर , टीम के कोच मुकेश जाखड़को सम्मानित किया। जिया जाखड़- गोल्ड मेडल,प्रियांशी- गोल्ड मेडल, कमल -सिल्वर मेडल को कलक्टर ने माला पहना कर , प्रतीक चिन्ह देकर बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एस एम पी स्कूल कैरवाली की प्रधानाध्यापिका अनीता भास्कर ने बताया कि लक्ष्य शूटिंग अकादमी नीमकाथाना, कलेक्टर शरद मेहरा व जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी के द्वारा मिले सम्मान के लिए आभारी रहेगी, और उम्मीद रखते हैं की आप आगे भी हमारा मार्ग-दर्शन करते रहेंगे।

नशा मुक्ति जन चेतना रैली निकाली

झुंझुनूं। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से नशा मुक्ति जनचेतना रैली निकाली गई। रैली को जिला मुख्य आयुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसूईया सिंह, सहायक उपनिदेशक अशोक जांगिड़, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक उम्मेद सिंह महला, जिला स्काउट अधिकारी प्रदीप ईशरवाल एवं उप प्रधानाचार्या कमला नें हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान स्काउट गाइड्स ने नशा छोड़न और नशा मुक्त भारत बनाने के संकल्प के साथ नारे लगाते हुए रैली निकाली। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसुईया सिंह ने कहा कि नशे की लत की वजह से देश का युवा अपने मार्ग से भटक रहा है नशा मुक्त भारत बनाकर के देश को फिर से विश्व गुरु बनाना है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेद सिंह महला ने कहा कि नशा एक समाज की कुरीति है। जिसकी वजह से हजारों परिवारों पर संकट हर रोज किसी ने किसी रूप में आता है। अगर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो देश से नशे जैसी कुरीतियों को समाप्त करना पड़ेगा। इस अवसर पर रामकरण, शरीफ खान, नीरज कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

अपराध से दूर रहने के बताए नुस्खे

रतनगढ़(निसं)। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने स्थानीय गुड शेफर्ड पब्लिक सैकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को अपराध से दूर रहने व अपराध करने के बाद की स्थिति से अवगत कराते हुए जीवन में अच्छे व्यक्ति बनने के नुस्खे बताए तथा कभी झूठ नहीं बोलने, चोरी नहीं करने, मोबाइल को छोड़कर ध्यान पढ़ाई में लगाने आदि पर विस्तृत उद्बोधन दिया। उन्होंने बच्चों द्वारा पूछी गई प्रश्नोत्तरी के बारे में भी विस्तार से उत्तर दिए। संस्था प्रधान सुश्री लता गोस्वामी ने बच्चों को सफल जीवन जीने के कई किस्से सुनाते हुए उदाहरण देकर जीवन में सफलता के गुरु बताए. इस अवसर पर ए एस आई गिरधारीलाल, सहित कई पुलिस कर्मी व स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

आज टेंट व्यापारी जाएंगे सालासरझुंझुनूंसभी टेंट व्यापारी मंगलवार को सालासर जाएंगे। टेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र फौजी ने बताया कि मंगलवार को सालासर बालाजी मंदिर में प्रसाद का आयोजन किया जा रहा है। सभी टेंट व्यापारी अपने परिवार के साथ सालासर धाम मंगलवार सुबह 8 बजे गुढ़ा मोड़कार्यालय से झुंझुनूं से बस सालासर धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। यह आयोजन महाधिवेशन की सफलता पर किया जा रहा है।

क्षेत्र में खुशी की लहर

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेउवा से छात्र-छात्रा की जो टीमें राज्य स्तरीय नेटबॉल हेतु रवाना की गई थी उनकी मेहनत रंग ला रही है। प्रधानाचार्य प्रीति सुंडा ने बताया कि नेटबाल राज्य स्तरीय छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता जो कि सुमेरपुर पाली में जारी है, में 17 वर्ष व 19 वर्ष दोनों ही वर्ग की बालिका टीमें अंतिम आठ में पहुंच गई हैं। जबकि कमजोर टीम हार कर बाहर हो चुकी हैं, तथा अब केवल 8 टीमें बची हुई हैं। उधर दूसरी तरफ छात्र वर्ग में भी 19 वर्ष भार वर्ग की टीम अंतिम आठ में पहुंच गई है। ज्ञात रहे कि यह बालक वर्ग की प्रतियोगिता सिरोही में हो रही है तथा टीमों के बढत लेंड पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं टीम के साथ रक्षपाल पूनिया, भंवरलाल पूनिया व सचिन्द्र पाल साथ में हैं। है। उधर छात्राओं की टीम के साथ प्रतिभा सहारण व पूजा पूनिया हैं।

आवेदनकर्ताओं का हुआ चयन

झुंझुनूं। हज के मुकद्दस सफर पर इस बार पूरे प्रदेश से 3802 लोगों ने आवेदन किया था। इस बार सभी आवेदनकर्ताओं का चयन हो गया है। राज्य हज कमेटी के सदस्य रियाज फारूकी एवं झुंझुनूं जिला हज कमेटी के अध्यक्ष मतलूब खान चायल एवं सभी सदस्यों की और से हज के मुकद्दस सफ़र पर जाने वाले सभी हज़रीन को दिली मुबारकबाद दी है।

स्कार्पियों की मोटरसाईकिल के टक्कर लगने से दो घायल

सादुलपुर, (निसं)। एनएच 52 राजगढ हिसार सडक मार्ग राजगढ बाईपास राधा स्वामी आश्रम के पास स्कार्पियों गाडी की मोटरसाईकिल पर सवार माँ-बेटे को लगी टक्कर से दोनों घायल हो गये, जहां उपचार के दौरान हिसार के अस्तपताल में महिला की मौत हो गई। जिसका राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया। राजगढ थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार बलेसिह पुत्र हनु?मानाराम जागिड उम्र 24 साल निवासी भामासी पुलिस थाना राजगढ जिला चूरू ने मामला दर्ज करवाकर सोमवार सुबह 10 बजे के आसपास जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 05 अक्टुबर 2024 को सुबह के करीब 10 बजे वह अपनी माँ को दवाई दिलवाने के लिये अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर अपने गांव भामासी से राजगढ के लिये रवाना हुए थे। जब वह व तथा उसकी माँ सुबह के करीब 10.30 बजे डोकवा से राजगढ रोड पर राधा स्वामी आश्रम से थोडा आगे राजगढ की तरफ बाईपास पर पहुंचे तो सामने से एक स्कॉर्पियो गाडी के चालक ने उक्त गाडी को बहुत ही तेज गति एवं लापरवाही से चलाता हुआ लाया और उसकी मोटरसाईकिल के साईड से टक्कर मारी, जिससे उसके एवं उसकी मां संतरो के चोटे आयी तथा जिसमें उसे साधारण चोट आयी और उसकी मां के सीर व शरीर पर गंभीर चोटे आई।

सियाराम उपशाखा पाटन के अध्यक्ष बने

पाटन,(निसं)। कस्बे में स्थित सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय मे सोमवार को शिक्षक संघ सियाराम ब्लॉक पाटन की कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश उपाध्यक्ष हवासिंह ढाका एवं सह पर्यवेक्षक जिलामंत्री राजेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें चुनाव अधिकारी फुसाराम यादव एवं बुधराम सैनी के निर्देशन में उपस्थित सदस्यो से नामांकन पत्र भरवाए गये और नामांकन पत्रों की जांच उपरान्त चुनाव प्रकिया संपादित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से पप्पुराम सैनी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। संरक्षक जे.पी. यादव, सभाध्यक्ष राजेश तिवाड़ी, उपसभाध्यक्ष यादराम जाट व अन्य का चयन किया गया।

खाद्य सामग्री की जांच नहीं करने से प्रशासन की मिलीभगत उजागर हुई

चूरू,(कासं.)। चूरू जिला मुख्यालय पर रेलवे स्टेशन के सामने आसपास स्थित होटल के संचालक कच्ची रोटी और दूषित दाल-सब्जी परोसकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटलों में अधिकतर यात्री लोग खाना खाने जाते हैं या खाना पैक करवाकर साथ ले जाते हैं। यहां होटल वाले इस बात का नाजायज फायदा उठाते हैं और उन्हें कच्ची रोटी और दूषित दाल सब्जी आदि दे देते हैं। जबकि दाम पूरे वसूलते हैं। स्वास्थ्य विभाग या अन्य द्वारा स्टेशन के सामने आसपास बने होटलों में जाकर सैंपल नहीं लिए जाते हैं। यहां के संबंधित अधिकारियों द्वारा खाद्य सामग्री की जांच

- **चूरू रेलवे स्टेशन के पास होटल वाले परोसते हैं दूषित खाना!**
- **सड़क पर ही लगा ली रोटी सेकने की भट्टी**

नहीं किए जाने से होटल वालों के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में यहां साफ तौर पर प्रशासन की मिलीभगत उजागर हो रही है। यात्रियों ने कहा कि प्रशासन की मिलीभगत के बिना इस प्रकार खुलेआम दूषित भोजन नहीं परोस सकते। इतना ही नहीं इन होटल वालों ने मुख्य सड़क पर भी अतिक्रमण कर रखा है। सड़क पर ही रोटी सेकने की भट्टी भी लगा ली है। सड़क किनारे पक्के चबूतरे बनाकर टीन शेड लगा लिए हैं। इस कारण यहां यातायात व्यवस्था बाधित रहती है। कुछ समय पूर्व संभागीय आयुक्त ने खुद खड़े रहकर जयराम रमेश होटल, अन्नपूर्णा होटल, राजहंस होटल आदि के सामने से अतिक्रमण हटवाया था। अब इन होटल वालों ने पुन: सड़क पर अतिक्रमण कर लिया है। नगरपरिषद प्रशासन को सब मालूम होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कुल मिलाकर यहां प्रशासन की सतर्कता की पोल खुलकर सामने आ रही है। कलेक्टर को चाहिए कि वे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की भावनाओं के अनुसार इस ओर ध्यान देकर तुरंत छापामार कार्रवाई करें।

डांडिया नृत्य में थिरके कदम

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय स्थित भास्कर भवन में सोमवार को विप्र महिला मंडल की ओर से नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा व डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया।

मंडल अध्यक्ष विजयलक्ष्मी पारीक के निर्देशन में मंडल सदस्यों ने उत्साह के साथ नृत्य किया। मंडल प्रवक्ता दीपिका शर्मा ने बताया कि इस अवसर बेस्ट गरबा क्वीन निशा शर्मा, बेस्ट नृत्य में विजया शर्मा ने प्रथम, गुंजन ने द्वितीय, वेशभूषा में मोनिका शर्मा ने प्रथम, पूनम शर्मा ने द्वितीय, बेस्ट गरबा किड्स में जिनीषा ने प्रथम व काव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मंडल सदस्य आनन्दबाला शर्मा व निर्मला मण्डावेवाला ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंजु पारीक, विनिता, सुषमा शर्मा, सरिता शर्मा, रमा, कुसुम, ऊषा, सुनिता, अनुसुइया, मोनिका, सरला इंदोरिया, उषादयाल, चंदा बंसिया, अर्चना सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। मंडल सचिव माया जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

झुंझुनूं जिले की गौशालाओं का अधिवेशन संपन्न

झुंझुनूं। जिला गौ सेवा समिति द्वारा श्री खेमी शक्ति मंदिर प्रांगण में सोमवार झुंझुनूं जिले की गौशालाओं का अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत टीबड़ा मुंबई ने की। विशेष अतिथिगण में एडीएम अजय कुमार आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा नेता महेंद्र चंदवा, प्रांत प्रचारक बाबूलाल, पशुपालन विभाग सेवानिवृत्त सहायक निदेशक डॉ. सुरेश सुरा, बजरंगलाल सोलानावाले जयपुर, राजकुमार टीबड़ा, श्यामसुंदर सौंथलिया मुंबई, रतनलाल जाखोदिया दिल्ली, वीएन शर्मा, चैन्नई, रामप्रकाश बिरमीवाला बिसाऊ की उपस्थिति मैं गौ माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत उदबोधन समिति अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष निरंजनसिंह जानूं ने दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालक कैलाश व्यास लिखवा ने किया। समापन पर सभी आगंतुकों का आभार अरविंद भालोठिया ने प्रकट किया। समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण के साथ कर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किए गए। जानकारी देते हुए मंत्री सुभाष क्यामसरिया ने बताया कि अधिवेशन में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना, पूरे जिले में बेसहारा गौवंश को यथा स्थान गौशालाओं में पहुंचाना एवं गौशालाओं की समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा कर माननीय गोपालन मंत्री राजस्थान सरकार के समक्ष जिले की गौशालाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए एक मांग पत्र प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम संयोजक कैलाश व्यास लिखवा ने जिले की सर्वश्रेष्ठ तीन गौशालाओं की घोषणा की। जिसमें प्रथम जमवाय माता गौशाला भोड़की, द्वितीय श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं, तृतीय पिंजरापोल गौशाला बिसाऊ एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए पिलानी गौशाला है।

मां कालका के स्यानण दरबार में उमडा भक्तों का सैलाब

सुजानगढ़, (निसं)। स्यानण गांव में स्थित प्रसिद्ध कालका माता के मन्दिर में नो दिवसीय मेले के चौथे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की जमकर भीड उमडी। कालका माता सेवा समिति अध्यक्ष रतन सिंह राठौड ने बताया कि प्राचीन कालका माता मन्दिर में नवरात्रा के माह में माता के दर्शनों के लिए भक्त पंजाब, हरियाणा, गंगानगर, दिल्ली सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालुओं की टोलियां मन्दिर पहुंचकर दर्शन कर रही है। श्रद्धालु मां कालका के दर्शनों के साथ अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण करने के लिए मन्दिर के नीचे ही चुनरी व प्रसाद का भोग लगा रहे है। मन्दिरों में दर्शनों के लिए जिगजेग व्यवस्था की गयी है। वंही मन्दिर में श्रद्धालुओं की सुविधार्थ 32 सीसीटीवी कैमरें लगाए गए है। 200 फीट पर स्थित है 12वीं शताब्दी का प्राचीन मन्दिर : मन्दिर की कालिका माता सेवा समिति के अध्यक्ष मदन सिंह राठौड ने बताया कि मन्दिर वन विभाग की भूमि में स्थित है।

गढ प्रांगण राजगढ़ में रामलीला आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। गढ प्रांगण राजगढ में आयोजित रामलीला में मध्य रात्रि के बाद तक चली राम लीला में चौथे दिवस राम बनवास की लीला का मंचन किया गया।

रामलीला संचालक गोपाल शर्मा ने सोमवार दोहपर 01 बजे प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लीला में राजा दशरथ ने अपने बुढापे की और बढते कदम के मध्य नजर जब राम का राजतिलक करने की घोषणा की तो दासी मंथरा ने ऊक्त घोषणा से केकयी को अवगत करवा कर उसे भरमित कर राजा दशरथ से अपने दो वर मांगने हेतु बताया, जिस पर रानी केकई कोप भवन में जाकर राजा दशरथ से राम की सौगंध खाने की प्रतिज्ञा करवा कर राम के लिए 14 वर्ष का वनवास एवं भरत के लिए राज्य की मांग कर ली।

इस पर राम को 14 वर्ष का वनवास की आज्ञा होने पर सीता एवं लक्ष्मण भी साथ जाने को तैयार हुए, लीला में दशरथ के केकई संवाद, मंथरा

- **लीला में राजा दशरथ ने अपने बुढापे की और बढते कदम के मध्य नजर जब राम का राजतिलक करने की घोषणा की**

केकई संवाद, सुमित्रा कौशल्या राम संवाद तथा उर्मिला लक्ष्मण संवाद का सुंदर चरित्र प्रस्तुत किया गया ।

लीला में दशरथ का अभिनय गोविंद भोजक, केकयि का दीपक भार्गव, सुमित्रा का नूतन जांगिड उर्मिला का निहाल मोदी, सीता का तन्मय मोदी ने बहुत ही सराहनीय अभिनय कर दर्शकों की वाही वाही लूटी।

लीला में प्रेमराज शर्मा एंड पार्टी द्वारा सुंदर कॉमेडी की प्रस्तुति दी गई, जिस पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। लीला का संचालन गोपाल शर्मा ने किया।

मलेरिया एवं डेंगू की समीक्षा करते हुए मलेरिया एवं डेंगू पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए

जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

पाटन (निसं)। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान विभागीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी तालमेल और समन्वय के साथ संवेदनशील हो कर कार्य करें। सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग का रिव्यू करने तथा गतवर्ष के अनुभवों के आधार पर समस्याओं को चिन्हित कर कार्य योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मौसमी बीमारियों, मलेरिया एवं डेंगू की समीक्षा करते हुए मलेरिया एवं डेंगू पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए। नगर परिषद् को शहरी क्षेत्रों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सभी बीडीओ को निर्देश दिए कि नालियों की सफाई करवाने व पानी भराव की स्थित में पानी निकासी की व्यवस्था करें। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की स्कूलों के आस-पास सफाई का विशेष ध्यान रखें, कही भी पानी भराव की स्थिती नहीं हो। आयुर्वेद विभाग को

साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित।

स्कूलों में काढा पिलाने के कार्य को जारी रखने के निर्देश दिए।विद्युत विभाग बिजली कटौती की सूचना लोगों को पहले दे जिससे इमरजेंसी सेवायें बाधित ना हो। दीपावली को देखते हुए लाईनों के रख-रखाव के कार्य समय से सुनिश्चित किये जायें तथा लाईनों, ट्रांसफार्मरों व डीपी आदि का लोड चैक कर ले अधिक लोड के कारण किसी को बदलना है तो उनकों बदलने का कार्य अभी से ही शुरु करे।

ओवर लोड की वजह से अनावश्यक कट व फाल्ट से बचने के लिए पहले से ही तैयारी रखे। नगर परिषद् आयुक्त को शहर की सफाई करवाने व खराब रोड लाईटों को सही करवाने निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाडियों में भामाशाहों के सहयोग से मरम्मत के कार्य करवाने के साथ ही अन्य संसाधन भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।सार्वजनिक निर्माण विभाग को पचलंगी में चल रहे सडक निमार्ण कार्य में तेजी लाने, सडकों के मरम्मत का कार्य जल्द शुरु करवाने व अनावश्यक स्पीड ब्रेकरों को हटवाने के निर्देश दिए।

- **सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग का रिव्यू करने तथा गतवर्ष के अनुभवों के आधार पर समस्याओं को चिन्हित कर कार्य योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए।**

जिला कलेक्टर मेहरा ने विभागीय अधिकारियों को ई-फाइल निस्तारण के संबंध में निर्देशित किया कि कोई भी ई-फाइल ज्यादा समय तक लंबित नहीं रहे, साथ ही समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए। सीएमओ के 30 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों का 15 दिन में निस्तारण करने के साथ ही संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में नीमकाथाना एसडीएम अमिता मान सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बाडलवास में डी.वाई.एफ.आई की कमेटी गठित

झुंझुनूं। भारत की जनवादी नौजवान सभा ग्राम बाडलवास की मीटिंग बाडलवास के आम चौक में तहसील उपाध्यक्ष तौफिक खोखर की अध्यक्षता संपन्न हुई। नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियां ने नौजवान सभा के इतिहास के बारे में बताते हुए उद्देश्य और सिद्धांतों के बारे में बताया कि तहसील उपाध्यक्ष तौफीक खोखर कहा कि इस देश के हर नौजवान को भारत की जनवादी नौजवान सभा से जुड़ना चाहिए और अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़नी चाहिए।

नौजवान सभा नगर महासचिव सोहेल बहलीवान ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जनवादी नौजवान सभा ने हमेशा बेरोजगार नौजवान, विद्यार्थी और किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने का काम किया है और आगे भी लड़ने का काम करेगी। अंत में 15 सदस्यों की ग्राम कमेटी का गठन किया गया।

जिसमें सर्वसम्मति से मनोज हालू अध्यक्ष, अमित हालू को महासचिव, रोहित हालू को उपाध्यक्ष, हिमांशु को सयुंक्त सचिव, मोंटी कोषाध्यक्ष तथा धर्मवीर, रेहान, बंटी, विजय, रोहन, आशीष, गौतम, रजनीश, आसिक, फरमान को कमेटी का सदस्य बनाया गया। इस दौरान जिला कमेटी सदस्य योगेश कटारिया व आदिल जाटू मौजूद रहे।